# University in News on 03 April 2020

## THE PIONEER



Immunity booster launched by LU Vice-Chancellor on Thursday

**IMMUNITY BOOSTER**

Lucknow University's Faculty of Ayurveda (Rajkiya Ayurveda Mahavidyalaya) has prepared an immuno-booster in the wake of the COVID-19 outbreak. Media spokesperson of LU said the immuno-booster can be mixed with water to make a drink, named LU-RAM19. It has 16 Ayurvedic components and herbs, and has been inspired from techniques given in 'Yogratnaakar', one of the most revered treatises of Indian medicine. It was launched by Vice-Chancellor. The product has components such as *gojihva, mulethi, saunf, munakka, anjeer, vaasa, giloy, raaj badar shlomaatak (lasauda), khoobkala, hansraaj, alsi, kantkaari, gulabanafsa, khatmeemul* and black-pepper. "This immunity boosting drink will be available for people in Rajkiya Ayurveda Mahavidyalaya," said Srivastava.

## NBT

**अच्छी खबर** लॉन्च किया गया काढ़ा, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा-

# इम्युनिटी बढ़ाएगा एलयू राम-19 काढ़ा

■ **एनबीटी,लखनऊ :** एलयू से संबद्ध राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय ने एलयू राम-19 आयुर्वेदिक काढ़े तैयार किया है। एलयू प्रशासन का दावा है कि ये काढ़ा कोरोना से बचने के लिए शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा। आयुर्वेद संकाय अध्यक्ष डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना(प्रचार्य राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय) और एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को काढ़ा लॉन्च किया। एलयू राम-19 16 जड़ीबूटियों से मिलाकर बनाया गया है।

## एनसीसी कैडेट्स कर रहीं जागरूक




■ **लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी की एनसीसी गर्ल्स 63 बटालियन की कैडेट्स लोगों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक कर रही हैं। कैप्टन किरण लता डंगवाल की अध्यक्षता में सभी कैडेट्स सोशल मीडिया, फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सऐप आदि के माध्यम से कोरोना से बचने के उपाय, बीमारी के लक्षण आदि की जानकारी दे रही हैं।

## PIONEER

# इम्युनिटी बढ़ाने के लिए एलयू ने तैयार किया एलयू राम काढ़ा




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना वायरस के मद्देनजर बचाव के तौर पर शरीर की इम्युनिटी सिस्टम को बढ़ाने के लिए गुरुवार को विवि के आयुर्वेद संकाय में शामिल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से तैयार किये गए एलयू राम-19 काढ़े को लांच किया गया। एलयू प्रशासन का दावा है कि ये काढ़ा कोरोना से बचने के लिए शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा। इस काढ़े को आयुर्वेद संकायाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना, प्राचार्य राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय और एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने लांच किया। एलयू राम-19 को 16 जड़ीबूटियों से मिलाकर बनाया गया है।

## AMAR UJALA, MY CITY

# एनसीसी और एनएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान

**सोशल डिस्टेंसिंग और हाथ साफ रखने जैसे नियमों पर दिया जोर**

लखनऊ। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर विश्वविद्यालयों की एनसीसी, एनएसएस यूनिट लोगों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक करने में जुट गई हैं। ये शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी-फारसी विश्विद्यालय ने की है। लविवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बाबूगंज तथा छोटा चांदगंज मोहल्ले में लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी एवं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश सक्सेना ने इसका नेतृत्व किया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि एक से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण रोकने के लिए ही लॉकडाउन किया गया है। इसलिए बेहद आवश्यक हो तभी घर से निकलें। जितने कम लोग घर से बाहर निकलेंगे, संक्रमण की आशंका उतनी ही कम होगी। घर में रहकर गीत, संगीत, चित्रकारी, बागवानी इत्यादि में मन लगाया जा सकता है। बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें ज्ञानवर्धक बातें सिखाकर, उनके साथ खेलकर उनका व खुद का मनोरंजन कर सकते हैं। डॉ. प्रकाश सक्सेना ने बताया कि यदि आवश्यक काम से बाहर निकलना है तो सोशल डिस्टेंसिंग और हाथ साफ रखने जैसे नियमों का सख्ती से पालन करें। शारीरिक सक्रियता बढ़ाने एवं मानसिक मजबूती के लिए योगाभ्यास व कसरत करें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना लविवि के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. राहुल पांडेय तथा राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे। दूसरी तरफ उर्दू विवि ने पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



लविवि के स्वंयसेवकों ने किया जागरूक। अमर उजाला